शेरावाली का सच्चा दरबार है भजन लिरिक्स

शेरावाली का सच्चा दरबार है,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है,
सच्चा दरबार है, भरते भंडार है,
शेरावाली का सच्चा दरबार हैं,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है।bd।

तर्ज – काली कमली वाला।

पर्वत पे एक गुफा के अंदर,
मैया का है प्यारा मंदिर,
मैया का है प्यारा मंदिर,
सिंह सवारी कर के बैठी,
लगती मैया कितनी सुन्दर,
लगती मैया कितनी सुन्दर,
दर्शन करने को आता संसार है,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है,
शेरावाली का सच्चा दरबार हैं,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है।bd।

तीन लोक की है महारानी,
ये जगदम्बा ये ही भवानी,
ये जगदम्बा ये ही भवानी,
बिगड़ी बनाने वाली माँ है,
बड़ी दयालु बड़ी है दानी,
मनचाहा सबको देती उपहार है,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है,
शेरावाली का सच्चा दरबार हैं,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है।bd।

मैया के दर पे जो आए,
चरणों में जो शीश झुकाए,
चरणों में जो शीश झुकाए,
जय माता दी बोल बोल के,
'सोनू' जो जयकारे लगाए,
'सोनू' जो जयकारे लगाए,
उनका तो हो जाता बेड़ा पार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के ऑफलाइन में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है,
शेरावाली का सच्चा दरबार हैं,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है।bd।

शेरावाली का सच्चा दरबार है,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है,
सच्चा दरबार है, भरते भंडार है,
शेरावाली का सच्चा दरबार हैं,
यहाँ पे भरते भक्तो के भंडार है।bd।

गायक – राजू मेहरा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com